

डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण

दैनिक | पटना, 30 मई, मंगलवार, 2023

# "कर्नाटक में जो किया उसे दोहराने जा रहे हैं, मध्य प्रदेश में जीतेंगे 150 सीटें" : राहुल गांधी



**पटना।कांग्रेस दर्पण**

कर्नाटक चुनाव में शानदार जीत के बाद कांग्रेस बेहद उत्साहित नजर आ रही है. अब कांग्रेस आगामी चुनावों में भी बेहतर प्रदर्शन का दम भर रही है. इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जिक्रकरते हुए कहा कि जो हमने कर्नाटक में किया वो हम मध्य प्रदेश में रिपीट करने जा रहे हैं, हम मध्य प्रदेश में इस बार कांग्रेस की 150 सीट आएगी.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मध्य प्रदेश के पार्टी नेताओं के साथ दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई. जिसमें राज्य पार्टी प्रमुख कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और अन्य नेता उपस्थित रहे. इस बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा, ₹हमारी लंबी चर्चा चली, हमारा आंतरिक आंकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली, हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने जा रही है. दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष व अन्य नेताओं के साथ बैठक के बाद मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य पार्टी प्रमुख कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई, चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई जो राहुल गांधी (एमपी में कांग्रेस को 150 सीटें मिलने के बयान) ने कहा है कि हम सभी उनकी बात से सहमत है. मध्य प्रदेश सीएम शिवराज सिंह ने दी प्रतिक्रिया कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस दावे पर मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है. भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी. अब उनको ख्याली पुलाव पकाने हैं तो पकाते रहें.

# ओलंपिक विजेताओं के साथ दिल्ली पुलिस की अमानवीय व्यवहार से देशवासियों में मोदी सरकार के प्रति गहरी निराशा

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, कांग्रेस सेवादल के मुख्यसंगठक टिंकू गिरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, महिला कांग्रेस के डा शोभा शर्मा, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, रूपेश चौधरी, अशोक राम, आदि ने गया में सड़को पर अपने हाथो में दिल्ली पुलिस की अमानवीय व्यवहार की तस्वीर के साथ प्रदर्शन करते हुए कहा की भारत के इतिहास के पन्नो में यह लिखा जाएगा की जिस दिन नए संसद भवन का उद्घाटन हुआ था उसी दिन महिला पहलवानों का अपमान भी हुआ था। जिस प्रकार ओलंपिक विजेताओं को सड़को पर घसीट कर बेरहमी से खीच कर दिल्ली पुलिस हिरासत में लेने का काम किया, जिसे संपूर्ण देशवासियों में भयानक आक्रोश है। नेताओ ने कहा की जिस प्रकार साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, के साथ दुर्व्यवहार हुआ क्या इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस को इजाजत दी थी, इसके बारे में सरकार को अविलंब जवाब देनी होगी। नेताओ ने कहा एथलीटों ने खेल के माध्यम से देश का सम्मान बढ़ाया है, जिन्हे आज न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इनकी जीत के सरकार जिन्हे सम्मानित किया वो आज खलनायक बन गए है ? नेताओ ने कहा की ओलंपिक विजेता विगत एक माह से भी ज्यादा दिनों से धरना पर बैठ कर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे , जिस पर सरकार चुप्पी साधे हुए हैं। नेताओ ने संसद ब्रजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी तथा दोषी दिल्ली पुलिस को कड़ी सजा देने की मांग की है। **विजय कुमार मिठू**





राज्यसभा सांसद सह बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष हम सभी के अभिवावक डा अखिलेश प्रसाद सिंह जी को मीनापुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी परिवार की ओर से जन्मदिन की बहुत–बहुत हार्दिक बधाई एवं अनन्त शुभकामनाएं आप जिये हजारों साल, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते है सदा मुस्कुराते रहें महादेव की कृपा आप पर बनी रहे' जय कांग्रेस।

**–अजित कुमार सिन्हा अध्यक्ष प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी मीनापुर मुजफ्फरपुर बिहार**



आज मंगलम मैरेज हाल परसा मोड़ बगहा में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राज्य सभा सदस्य व बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष आदरणीय डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी का जन्मदिन बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के नेतृत्व में केक काट कर मनाया गया । कांग्रेस के सभी सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे नगर अध्यक्ष तुफैल अहमद,शेष चन्द यादव, सुजीत कुमार सोनी, चन्दा राम, शुत्रघ्न साह, उमेश यादव, हिदया गोंड, मुन्ना सिंह,धरम नाथ तुरहा, मुकेश प्रसाद ,राजा शर्मा ,दुखी राम, केदार राम,मदन राय,लाल बाबू पटेल,पिंटू साह वगैरह कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




नये संसद भवन का उद्घाटन और और वहाँ से 1.5कि. मि की दूरी पर देश के पहलवानों को जंतर मंतर से जबर्दस्ती गाड़ी में ठूस कर अज्ञात जगह ले गयी।साथ ही साथ उस होनहार महिला पहलवानों के विरुद्ध दंगा फैलाने के धारा सहित कई आरोप लगा कर मुकदमा दर्ज कराना निंदनीय एवं लोकतंत्र के मर्यादा के खिलाफ है।सरकार जो अत्याचार देश के होनहार बेटियों के साथ कर रही है ऐसा तो अंग्रेजों के शासन काल में भी देखने सुनने को मिला होगा।एक तरफ सरकार नारा देती है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और दूसरी ओर बेटी के साथ क्रूरता पूर्वक अत्याचार।निंदनीय।सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी एवं सोसल मीडिया बाँका।

# राष्ट्रपति के अपमान के खिलाफ महिला कांग्रेस में देखी गई रोष : प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

प्रतिरोध मार्च में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के समर्थन में महिला कांग्रेस ने जमकर हिस्सा लिया ' यह प्रतिरोध मार्च अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुआ। यह प्रतिशोध मार्च बोरिंग रोड चौराहे से अंबेडकर प्रतिमा हाईकोर्ट तक चला, जिसमें कांग्रेस महिला नेताओं ने केंद्र सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि संघी मानसिकता के लोग आज देश की सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठी आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान कर रहे हैं।महिला कांग्रेस ने कहा कि नई संसद का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नहीं करना बेहद ही निंदनीय और अपमानजनक कृत्य है। महिला कांग्रेस ने आगे कहा कि हमारा यह कर्तव्य बनता है कि हम महिला का साथ दें। महिला कांग्रेस की नेत्रियों ने कार्यक्रमों में शिरकत की तथा कहा की बीजेपी ने राजनीतिक फायदा उठाने के लिए तथा इसे आदिवासी समाज के प्रति नीची सोच का नतीजा बताया। अब अगर भाजपा पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाकर गौरव हासिल कर रही थी तो संसद भवन का उदघाटन भी उन्हीं के कर कमलों से करा देती। इससे गौरव में चार चांद लग जाता। जिन आदिवासी महिला ने देश का झंडा लहराने का काम किया। आज उन्हीं महिला को अपने अधिकारों से वंचित कर दिया गया तथा उनके पक्ष में सड़कों पर उतरना पड़ा।




**बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी को बिहार प्रदेश कांग्रेस परिवार के तरफ से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हम सब आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की ईश्वर से मंगल कामना करते हैं**



# मोदी सरकार नें पहलवानों के साथ गलत व्यवहार किया है

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

दोस्तो अब हमारी विपक्षी पार्टियां और उनके लीडर क्या कर रहे हैं जिस प्रकार से मोदी सरकार नें हमारे देश के पहलवानों के साथ व्यवहार किया है उसके बाद तो मोदी सरकार को कुर्सी पर बैठने का कोई अधिकार ही नहीं है।

दोस्तो देश के इन पहलवानों का धरना प्रदर्शन इतने दिनों से चल रहा था देश की एक भी एजेंसी यह नहीं बता सकती कि इन पहलवानों के धरने पर कोई भी ऐसा कार्य हुआ हो जिससे इनके धरने को गलत कहा जा सके

दोस्तो इन फलबानों की मांग क्या थी इनके फेडरेशन के अध्यक्ष जो पहलवानों के योन शोषण में लिप्त था उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करो और उसे गिरफ्तार करो दोस्तो इसी प्रकार से मोदी सरकार नें कुलदीप सेंगर का खुल कर समर्थन किया था और कुलदीप सेंगर नें पीड़ित लड़की के परिवार की क्या हालत करी थी पूरी दुनिया जानती है।

दोस्तो यह हालत मोदी सरकार की तब है जब



की मोदीजी अपने आपको प्रभु श्रीराम बताते है। दोस्तो मोदी सरकार के अपराधी मंत्रियों और सांसदों को देखकर अब यह कहा जा सकता है कि मोदी सरकार अपराधियों की सरकार है और जिस प्रकार से ब्रजभूषण जैसे अपराधियों का बचाव कर रही है उसको देखकर तो अब मोदी सरकार को एक दिन भी कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है।

दोस्तो हम विपक्ष की छेत्रिय पार्टियों से तो कुछ भी नहीं कह सकते लेकिन अपनी कांग्रेस पार्टी से तो कह सकते हैं कांग्रेस क्या कर रही है जबकी मोदी सरकार के विरुद्ध तो कांग्रेस को सड़कों पर उतर कर मोदी सरकार के विरुद्ध आंदोलन शुरू कर देना चाहिए।

दोस्तो हम अपने सभी कांग्रेस के साथियों के साथ उन सभी से भी आग्रह करते हैं जिनके पास यह सन्देश पहुंचे सभी इस सन्देश को ज्यादा से ज्यादा फैलाओं जिससे यह सन्देश पूरे देश में फैल जाय मोदीजी और उनकी सरकार इस सन्देश को पढ़कर यह सोचने पर मजबूर हो जाय कि उ.प्र. के सम्भल जनपद में उनकी सरकार को गिराने की और उनकी सरकार के विरुद्ध जनांदोलन शुरू करने की तैयारी हो चुकी है।

दोस्तो हम देश की जनता से भी आग्रह करते हैं मोदी सरकार के विरुद्ध उसी प्रकार से संघर्ष शुरू करने की तैयारी करो जिस प्रकार से अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष शुरू किया था।

धन्यवाद


**आपका अपना विनोद साथी**
**जिलाध्यक्ष**
**किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.**
**8791674785 9720026990 ६**
**जय हिंद जय भारत जय कांग्रेस**

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पटना।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व पदाधिकारी गण, पूर्व विधानसभा तथा लोकसभा प्रत्याशी गण, प्रखंड अध्यक्ष गण मान्यवर, आप सभी को सूचित किया जाता है कि कल दिनांक 30–05–2023 दिन मंगलवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी/प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में अपने जिला के प्रभारी पूर्वी चंपारण के जिलाध्यक्ष श्री शशिभूषण राय जी के प्रभार में दिन के 10–30बजे कांग्रेस मुख्यालय केदार आश्रम बेतिया से यात्रा निकलेगी तथा लालबाजार होते हुए बेतिया समाहरणालय पहुंचेगी, जहां सभा में तब्दील हो जाएगी।सभा के अंत में जन समस्याओं से संबंधित सात सुत्री मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति को जिला पदाधिकारी के माध्यम से दिया जाएगा।

आप से आग्रह है कि 10–30बजे तक कांग्रेस आश्रम बेतिया में अवश्य पहुंचें तथा कार्यक्रम को सफल बनाना सुनिश्चित करें। शुभकामनाओं के साथ,

**भारत भुषण दुबे**
**अध्यक्ष,**
**जिला कांग्रेस कमेटी,**
**पश्चिमचम्पारण।**






# पूर्व मंत्री डॉ गरासिया ने किया महंगाई राहत कैंप का अवलोकन



पटना। कांग्रेस दर्पण

## उपस्थित ग्रामीणों को महंगाई राहत गारंटी कार्ड किए वितरित।

डॉ गरासिया ने सोमवार को उपखण्ड गोगुंदा की ग्राम पंचायत पाटिया में लगाये गये दो दिवसीय प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर एवं महंगाई राहत कैम्प का निरीक्षण किया और शिविर प्रगति की जानकारी लेने के साथ ही लाभार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें सरकार के इस अभियान का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पंजीकृत लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड भी बांटे। शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी हनुमान सिंह जी राठौड़ ने शिविर की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह चदाना, सरपंच देवी लाल गमेती, युवा नेता गोपाल सिंह चदाना, उपखंड अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, विकास अधिकारी हीरा लाल मीणा आदि उपस्थित रहे।

# झारखोर में हुए दुर्घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग: ब्रजेंद्र


पटना। कांग्रेस दर्पण

धनबाद गया रेलखंड पर कतरास के निकट झाड़खोर के पास ६ रेलवे मजदूरों की मृत्यु पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेंद्र सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है उन्होंने कहा यह जिस जगह रेलवे के द्वारा ठेका मजदूरों के द्वारा काम कराया जा रहा था वहां पर सुरक्षा के दृष्टि से कोई भी सुरक्षा का उपकरण नहीं था और ना ही कोई रेलवे के पदाधिकारी या क्लर्क मौजूद थे सिंह ने कहा कि यह रेलवे विभाग की लापरवाही है और साथ–साथ जो ठेकेदार काम लिए हुए हैं उनकी भी तत्परता नहीं रहने के चलते इस तरह की घटना घटी है रेलवे में हाय दिनों इस तरह की घटना घटने की सूचना मिलती है जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है जो 6 मजदूर मरे हैं सभी गरीब तबके के हैं उनको देखने वाला कोई नहीं बचा हम रेलवे विभाग से मांग करते हैं कि सभी मृतकों को कम से कम 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए और साथ–साथ उनके परिजनों को रेलवे में एक एक नौकरी भी दी जाए उन्होने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं घटे इसके लिए सरकार न्यायिक जांच कराए ताकी इस तरह की घटना कभी नहीं घटे और जो दोषी है उसको सजा भी मिलनी चाहिए






गहलोत सरकार में पशुपालकों को नहीं होगा आर्थिक नुकसान मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में दो दुधारू पशुओं का ?40 हजार प्रति पशु 'फ्री' बीमा सेवा ही कर्म, सेवा ही धर्म




# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरित

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सांसद डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह के जन्मदिन को प्रदेश प्रतिनिधि सह पूर्व सीतामढ़ी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. शम्स शाहनवाज ने बच्चों के साथ धूमधाम से मनाया। निगम वार्ड संख्या 22 में लखनदेई नदी किनारे स्थित मोहल्ले में गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के बीच शम्स ने पाठ्य सामग्री, बिस्कुट, चॉकलेट आदि का वितरण किया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज ने कहा कि डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह का जीवन जनसेवा को समर्पित है। गरीब, पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर तबके को आगे बढ़ाने के लिए वो लगातार प्रयासरत रहते हैं। हम ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं।

मौके पर जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा, नौशाद अहमद, अख्तर रजा खान, वैदेही शरण यादव, रंजीत कुमार, मो. कफील, मो. मोख्तार, बाबू नंदन राय आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।




भारत 1960 से संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में महिलाओं को भेज रहा है और 2007 में, एक महिला दल को तैनात करने वाला पहला देश बन गया। आज, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना दिवस पर, हम उन सभी को सलाम करते हैं जो सीमाओं के पार शांति, सद्भाव और मानवता बनाए रखने की दिशा में लगातार काम करते हैं।



# क्या वर्दी सरकारी किलिंग मशीन है: डॉ. राजकिशोर





## आईपीएस एनसी अस्थाना का बयान ' पहलवानों को संबोधित

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

₹जरूरत हुई तो गोली भी मारेंगे ' मगर, तुम्हारे कहने से नहीं ' अभी तो सिर्फ कचरे के बोरे की तरह घसीट कर फेंका है ' दफा 129 में पुलिस को गोली मारने का अधिकार है ' उचित परिस्थितियों में वो हसरत भी पूरी होगी ' मगर वो जानने के लिये पढ़ा–लिखा होना आवश्यक है ' फिर मिलेंगे पोस्टमॉर्टम टेबल पर! ₹ एक अन्य ट्वीट में एनसी अस्थाना ने लिखा, ₹कुछ मूर्खों को पुलिस के गोली मारने के अधिकार के विषय में शंका है। अंग्रेजी पढ़ सकते हो तो अखिलेश प्रसाद के केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पढ़ लें। जो अनपढ़ नहीं पढ़ सकते हैं उन्हें नेक सलाह है कि इस अधिकार की परीक्षा न लें। बेवजह बीवियां विधवा होंगी और बच्चे अनाथ! औक़ात में रहें।₹ आपको बताते चलें कि, इस ट्वीट के चर्चा में आने पर प्रतिक्रिया देते हुए बजरंग पूनिया ने लिखा, ₹ये आईपीएस ऑफिसर हमें गोली मारने की बात कर रहा है ' भाई सामने खड़े हैं, बता कहां आना है गोली खाने ' कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली ' ये ही रह गया है अब हमारे साथ करना तो ये भी सही '₹ आपको बता दें कि, केरल के पूर्व पुलिस महानिदेशक एनसी अस्थाना ने 2021 में पुलिसिया दमन के खिलाफ एक लेख लिखा था ' लेकिन रिटायरमेंट के बाद उनका अंदाज बदल गया।



# भाजपा के 9 सालों के कार्यकाल में आम आदमी से दूर होती गई रेलवे

पटना। मोहिउद्दीन खान



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी देकर नई दिल्ली-देहरादून सेवा की शुरुआत की। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने केंद्र की सत्ता में रह चुकी पूर्ववर्ती सरकारों के बारे में एक ऐसी टिप्पणी कर उनके अब तक के कामों पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, जो अपने आप में बेहद विवादास्पद मुद्दा है। पीएम मोदी ने अपने बयान में कहा है कि पहले की सरकारें ₹भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति₹ में पूरी तरह से डूबी हुई थीं और उन्होंने इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर ध्यान ही नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि रेलवे का सर्वांगीण कायाकल्प करने का काम 2014 के बाद से शुरू हुआ है।

इंडियन रेलवे की वेबसाइट पर जाने पर जानकारी मिलती है कि जुलाई 2021 तक भारतीय रेलवे ने 16,001 किमी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण पूरा कर लिया था, जबकि कुल रेलवे मार्ग की लंबाई 63,028 किमी है। अब यदि 9 साल के हिसाब से देखें तो 54,000 किमी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण तो हो जाना चाहिए था। इसमें हम पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा किये गये विद्युतीकरण को भी जोड़ देते हैं, फिर भी यह तथ्य एक जुमलेबाजी से अधिक नहीं लगता। रेलवे को 15 अगस्त 2023 तक 75 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को पटरी पर लाने का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन अभी तक 18 ट्रेन ही पटरी पर उतारी जा सकी है, और यह लक्ष्य अब दूर की कौड़ी नजर आ रहा है। इतना ही नहीं बल्कि 16 कोच की ट्रेन चलाने के बजाय अब 8 कोच की ट्रेन चलाकर एक के स्थान पर दो-दो ट्रेन का उद्घाटन कर, तालियां बटोरी जा रही हैं। जहां तक हाई स्पीड ट्रेन चलाने का दावा है, तो 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर चलने के बजाय वन्दे भारत ट्रेन बेहद सुस्त रफ्तार से दौड़ाई जा रही है। दिल्ली-देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन जिसे 302 किमी को 4 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करनी है, की औसत रफ्तार 64 किमी प्रति-घंटे से कम है।



यहां पर सवाल उठता है कि भारतीय रेलवे के बारे में केंद्र सरकार क्या सोच-समझ रखती है, क्या यह भारतीय आम जनमानस की आकांक्षाओं से मेल खाती है? निश्चित रूप से भारतीय रेलवे के बारे में 2014 से पहले और बाद की सरकार में बिल्कुल भिन्न सोच दिखाई देती है।

देश में साल भर में औसतन 370 करोड़ लोग ट्रेन की यात्रा करते हैं। इसमें 198 करोड़ जनरल कोच का टिकट लेते हैं, जबकि 150 करोड़ लोग स्लीपर और मात्र 18 करोड़ लोग ही वातानुकूलित कोच से यात्रा करते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों में स्लीपर और जनरल बोगी को हटाना, 90% आम भारतीय को प्रगति और विकास के लायक नहीं मानना है। मोदी जी ने केंद्र की सत्ता संभालने के बाद अपने शुरुआती भाषण में कहा था कि उनका इरादा हवाई चप्पल वाले को हवाई जहाज में बिठाने का है। लेकिन आज जब ट्रेन का किराया ही हवाई जहाज के बराबर कर दिया है, तो क्या उन्होंने ट्रेन से चलने वाले बहुसंख्य भारतीयों को पैदल नहीं कर दिया है?

जबकि हकीकत यह है कि रेलवे को सबसे अधिक नुकसान प्रथम श्रेणी के वातानुकूलित कोच (71% सब्सिडी) से होता है। सेकंड एसी के लिए रेलवे को सब्सिडी के तौर पर 26% और स्लीपर क्लास के लिए 37% सब्सिडी देनी पड़ती है। एसी थर्ड कोच से रेलवे को मुनाफा होता है। कुल मिलाकर रेलवे को यात्री भाड़े पर औसतन 43% की सब्सिडी देनी पड़ती है। लेकिन कोई यह तर्क देता है कि रेलवे को ऐसा जनरल बोगी या स्लीपर क्लास के लिए करना पड़ता है, तो यह गलत तथ्यों पर आधारित है, भारत के मध्य वर्ग को ऐसे ही झूठे तथ्यों से चराया जाता आ रहा है।

2014 के बाद से बहुत कुछ ऐसा घट चुका है, जिसके बारे में अभी कोई ठोस आकलन नहीं किया गया है। भारत सरकार रेलवे किराए, प्लेटफार्म टिकट, डायनामिक फेयर, तत्काल के नाम पर वसूली इत्यादि वे सभी साधन अपना रही है, जिससे उपभाक्ताओं से ज्यादा से ज्यादा पैसा ऐंठा जा सके। यहां तक कि कोरोना के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को किराये में दी जाने वाली छूट को भी खत्म कर दिया गया, जो पूर्ववर्ती सरकारों के द्वारा 60 वर्ष या अधिक उम्र के नागरिकों को सामाजिक दायित्व के तौर पर प्रदान किया जाता था। आजकल गर्व से बताया जाता है कि इस वर्ष सीनियर सिटीजन के टिकट में रिबेट हटाकर इतने हजार करोड़ रूपये बचा लिए गये। हालांकि आज भी यात्री किराए से रेलवे की आय 26% माल भाड़े की ढुलाई से 74% होती है।

आम भारतीय को लगातार भारत की लाइफ-लाइन रेलवे इनसे से दूर होता जा रहा है।